झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत लेखा पदाधिकारी के पदों पर सीधी नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–06/2019) हेतु आवश्यक सूचना।

झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत लेखा पदाधिकारी के पदों पर सीधी नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–06/2019) के आलोक में सम्पन्न प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त परीक्षा में सफल अभ्यर्थी, विज्ञापन की कंडिका–14(q) के आलोक में ऑनलाइन आवेदन में किये गये अपने दावे के अनुरूप निम्न प्रमाण पत्रों की स्पष्ट एवं पठ्नीय स्वअभिप्रमाणित प्रति दिनांक–24.06.2021 से दिनांक–23.07.2021 संध्या 04 बजे तक **"परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001"** के पते पर लिफाफे के उपर **"विज्ञापन संख्या–06/2019"** अंकित करते हुए स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक द्वारा या हाथों हाथ आयोग कार्यालय(कार्यावधि में) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रमाण पत्र/अभिलेख पर विचार नहीं किया जायेगा।

(i) प्रारंभिक परीक्षा हेतु भरे गये ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति।
(ii) मैट्रिक प्रमाण पत्र/अंकपत्र की प्रति।
(iii) इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र/अंकपत्र की प्रति।
(iv) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्यशास्त्र एवं लेखा विधि/अर्थशास्त्र/गणित या सांख्यिकी विषय में स्नातक उत्तीर्णता संबंधी अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
(v) झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन जाति प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में (झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कोटि के अभ्यर्थी हेतु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र–IV में एवं झारखण्ड राज्य के अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–I एवं पिछड़ा वर्ग–II कोटि के अभ्यर्थी हेतु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र में क्रिमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (प्रपत्र–11) के साथ।
(vi) EWS का विहित प्रपत्र (परिशिष्ट–I) में सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण–पत्र। (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–1433, दिनांक–15.02.2019 के आलोक में)
(vii) सक्षम प्राधिकार द्वारा पूर्ण सूचनाओं सहित विहित प्रपत्र में निर्गत निःशक्तता प्रमाण–पत्र (निःशक्त अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट तथा निःशक्तता के दावा हेतु) (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–2249, दिनांक–03.04.2018 के आलोक में)
(viii) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण–पत्र (जहाँ लागू हो)।
(ix) अनापत्ति प्रमाण–पत्र (जहाँ लागू हो)।

2. संबंधित अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्मतिथि डालकर ऑनलाईन आवेदन की प्रति मुद्रित कर सकते हैं।
3. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +919431301419 एवं +919431301636 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–11:00 am बजे से अपराह्न –04:00 pm बजे तक संपर्क किया जा सकता है।
4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।